आईसीएमआर-राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
नागपुर रोड, गढ़ा पोस्ट ऑफिस, जबलपुर-482003 (मध्य प्रदेश)
ICMR - National Institute of Research in Tribal Health
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India
Nagpur Road, Garha P.O., Jabalpur (M.P.) – 482003
वेबसाइट/Website : https://www.nirth.res.in
ई-मेल/Email : director@nirth.res.in

# रिक्ति अधिसूचना

**विज्ञापन संख्या - एनआईआरटीएच/तकनीकी/01/2024 दिनांक 12.03.2024**

आईसीएमआर-राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी निकाय, भारत के नागरिकों से ''एम के सी एल रिक्रूटलाइव पोर्टल : https://nirth.recruitlive.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। केवल वे ही आवेदन-पत्र जो इस पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक भरे जाएं और नियमों के अनुसार सही पाए जाएं, उन्हें ही स्वीकार किया जाएगा। अभ्यर्थी पद के लिए आवेदन करने के पूर्व भर्ती संबंधी सूचना ध्यानपूर्वक पढ़ लें और यह सुनिश्चित कर लें कि वे अर्हता संबंधी सभी शर्तें, जैसे आयु-सीमा/अनिवार्य योग्यताएं/श्रेणी आदि, जैसी सूचना में दी गई हैं, को पूरा करते हैं। अर्हता संबंधी शर्तें पूरी न करने वाले आवेदकों की अभ्यर्थिता बिना किसी सूचना के भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में निरस्त कर दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों में आवेदकों की अभ्यर्थिता पूर्णत: अनंतिम होगी। विवरण निम्नानुसार हैं :

परीक्षा/टेस्ट प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण समय-विवरणी नीचे दिए अनुसार रहेगी :-

| मदें/गतिविधियां | समय विवरणी |
|---|---|
| 'एम के सी एल रिक्रूटलाइव पोर्टल/आईसीएमआर-एनआईआरटीएच/आईसीएमआर वेबसाइट्स https://nirth.recruitlive.in www.nirth.res.in और www.icmr.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए प्रारंभिक तारीख | 22.03.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे |
| ऑनलाइन पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख | 30.04.2024 अपराह्न 5.30 बजे तक |
| सीबीटी परीक्षा के लिए संभावित अनुसूची | बाद में सूचित की जाएगी |
| कौशल परीक्षा के लिए संभावित अनुसूची | बाद में सूचित की जाएगी |

(i) उपर्युक्त सभी तारीखें संभावित हैं और नियंत्रण से बाहर किसी स्थिति के होने पर, इन तारीखों में किसी भी समय परिवर्तन किया जा सकता है। इस प्रकार के परिवर्तनों की सूचना, यदि कोई है, आईसीएमआर-एनआईआरटीएच/आईसीएमआर वेबसाइट्स पर दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इस भर्ती प्रक्रिया और अनुसूची में परिवर्तनों के बारे में जानकारी के लिए इन वेबसाइट्स के संपर्क में बने रहें ।

(ii) रिक्तियों, योग्यताओं और अर्हता संबंधी मापदंडों, वेतन स्तर, आवेदन प्रक्रिया तथा भर्ती की कार्यविधि एवं अन्य निबंधनों और शर्तों के बारे में जानकारी इन मार्गदर्शी सिद्धांतों के अगले खंडों में दी गई है।

**रिक्तियों/वेतन स्तर और आरक्षण का विवरण :-**

1. **तकनीकी सहायक - 03 पद :**

| क्र. सं. | पद का नाम | वर्गीकरण एवं पद का विषय | पदों की संख्या | 7वें कें.वे.आयोग के अनुसार वेतन मेट्रिक्स एवं वेतन स्तर | अनिवार्य योग्यता | आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तकनीकी सहायक | समूह-बी (तकनीकी) (जैव-विज्ञान) | 02 पद (अनारक्षित-01, अ.पि.व.-01, ईडब्ल्यूएस-01) दिव्यांगजन- अंधापन या कम दृष्टि-01 पद (क्षैतिज आरक्षण) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 35,400-1,12,400 में वेतन स्तर-6 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से जैव-विज्ञानों में निम्नलिखित से किसी एक विषय में प्रथम श्रेणी में तीन-वर्षीय स्नातक डिग्री- जीवन विज्ञान/ प्राणीविज्ञान /जैव-सूचनाविज्ञान/ जैव-रसायनविज्ञान/ सूक्ष्म-जीवविज्ञान/जैव-प्रौद्योगिकी/आनुवंशिकी अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से जैव-प्रौद्योगिकी/जैव-सूचनाविज्ञान/ आनुवंशिक इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में स्नातक डिग्री | 30 वर्ष से अधिक नहीं |
| 2 | तकनीकी सहायक | समूह-बी (तकनीकी) (सामाजिक-विज्ञान) | 01 पद (अनारक्षित) दिव्यांगजन- बधिर और सुनने में कठिनाई- 01 पद (क्षैतिज आरक्षण) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 35,400-1,12,400 में वेतन स्तर-6 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक-विज्ञान विषयों, यानी मानवविज्ञान/ अर्थशास्त्र/ जनसंख्या अध्ययन/जैव-सांख्यिकी/ समाजविज्ञान/ समाज-कार्य/मनोविज्ञान/महिला अध्ययन में प्रथम श्रेणी में तीन-वर्षीय स्नातक डिग्री | 30 वर्ष से अधिक नहीं |

**2. तकनीशियन-1 : 03 पद**

| क्र. सं. | पद का नाम | वर्गीकरण एवं पद का विषय | पदों की संख्या | 7वें कें.वे.आयोग के अनुसार वेतन मेट्रिक्स एवं वेतन स्तर | अनिवार्य योग्यता | आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तकनीशियन-1 | समूह-सी (तकनीकी) (जैव-विज्ञान) | 03 पद (अनारक्षित-03)<br>भूतपूर्व सैनिक-03 पद (क्षैतिज आरक्षण) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 19,900-63,200 में वेतन स्तर-2 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी सरकारी मान्यताप्राप्त संस्थान से विज्ञान विषय में 55% अंकों के साथ 12वीं अथवा इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण और मेडीकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी में कम से कम एकवर्षीय डिप्लोमा (डीएमएलटी) | 28 वर्ष से अधिक नहीं |

**3. प्रयोगशाला परिचारक-1 : 09 पद**

| क्र. सं. | पद का नाम | वर्गीकरण एवं पद का विषय | पदों की संख्या | 7वें कें.वे.आयोग के अनुसार वेतन मेट्रिक्स एवं वेतन स्तर | अनिवार्य योग्यता | आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रयोगशाला परिचारक-1 | समूह-सी (तकनीकी) | 07 पद (अनारक्षित-04, ईडब्ल्यूएस-02, अ.पि.व.-01)<br>दिव्यांगजन-01 पद (डी) एवं (ई) (क्षैतिज आरक्षण)<br>भूतपूर्व सैनिक-03 पद (क्षैतिज आरक्षण) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 18,000-56,900 में वेतन स्तर-1 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | मान्यताप्राप्त बोर्ड से समग्र रूप में 50% अंकों के साथ 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण तथा साथ में किसी सरकारी मान्यताप्राप्त/अनुमोदित/पंजीकृत प्रयोगशाला में एक वर्ष का कार्य का अनुभव | 18 और 25 वर्ष के बीच |
| 2. | प्रयोगशाला परिचारक-1 | समूह-सी (तकनीकी) (रेफ्रीजरेशन एवं एयरकंडीशनिंग) | 02 पद (अनारक्षित.-01, अ.पि.व.-01) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 18,000-56,900 में वेतन स्तर-1 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | मान्यताप्राप्त बोर्ड से समग्र रूप में 50% अंकों के साथ 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण तथा साथ में सरकारी एजेन्सियों द्वारा रेफ्रीजरेशन एवं एयर-कंडीशनिंग में दिया गया आई.टी.आई. ट्रेड प्रमाण-पत्र | 18 और 25 वर्ष के बीच |

**आवेदन कैसे करें :-**

1. जो अभ्यर्थी उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे केवल ऑनलाइन लिंक www.nirth.res.in के माध्यम से आवेदन करें तथा अभ्यर्थियों को आवेदन-शुल्क के रूप में अप्रतिदेय ₹ 300/- केवल ऑनलाइन मोड से भुगतान करना है।
2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी), महिला अभ्यर्थियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है। भा.आ.अ.प. और उसके संस्थानों के कर्मचारियों सहित सभी अन्य अथ्यर्थियों द्वारा आवेदन-शुल्क का भुगतान किया जाना है। एक बार जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए शुल्क आरक्षित रखा जा सकता है।
3. अभ्यर्थी उपर्युक्त आवेदन शुल्क ऑनलाइन भुगतान गेटवे, जो 'एप्लीकेशन पोर्टल' पर उपलब्ध है, के माध्यम से डेबिट/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग का उपयोग करते हुए जमा कर सकते हैं।

आवेदन-शुल्क :- ₹ 300/- (समूह 'बी' एवं समूह 'सी' पदों हेतु)

(i) **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, बेन्चमार्क डिसएबिलिटी वाले व्यक्ति (PwBD), महिला उम्मीदवारों तथा भूतपूर्व सैनिकों को आवेदन-शुल्क के भुगतान से छूट दी जाती है।** अन्य सभी उम्मीदवारों, जिनमें भा.आ.अ.प. एवं उसके संस्थानों के कर्मचारी भी शामिल हैं, को आवेदन-शुल्क का भुगतान करना है। एक बार जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए शुल्क आरक्षित रखा जाएगा।

(ii) उम्मीदवार, यदि अन्यथा अर्हता संबंधी मानदंडों को पूरा करते हैं तो एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। तथापि, उन्हें विहित किया गया शुल्क अलग-अलग भुगतान करना होगा।

1. इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन करने वाले आवेदकों को, उनके अपने हित में, सलाह दी जाती है कि वे आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के संबंध में स्वयं को संतुष्ट कर लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे पात्रता संबंधी सभी मानदंडों को पूरा करते हैं, जैसे आवेदन प्राप्त करने की अंतिम-तिथि यानी **30.04.2024** तक आयु-सीमा, अनिवार्य योग्यताएं, अनुभव, आरक्षण आदि। यदि भर्ती के किसी भी चरण में या नियुक्ति के बाद भी, यह पता चलता है कि कोई उम्मीदवार उपर्युक्त पात्रता मानदंड के संबंध में आवश्यक योग्यताएं पूरी नहीं करता है या उसने आवेदन-प्रपत्र में कोई गलत या मिथ्या या भ्रमक जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है या अन्यथा पात्र नहीं है, तो उसकी उम्मीदवारी लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों की परवाह किए बगैर, बिना कोई कारण बताए या नोटिस दिए स्वचालित रूप से रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में कोई पूछतांछ/अनुरोध/पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

2. भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, द्वारा जारी किए गए 'आई.सी.एम.आर. तकनीकी संवर्ग भर्ती एवं एसेस्मेंट नियम, 2017, देखिए ज्ञापन संख्या-16/8/2017-एडमिन-।। दिनांकित 10 नवंबर, 2017, नियुक्ति प्राप्त करने वालों पर लागू होंगे।

3. लिखित परीक्षा की तारीख, समय और स्थान के संबंध में अल्पसूचीबद्ध किए गए (शॉर्टलिस्टेड) उम्मीदवारों को कॉल-लेटर/एडमिट कार्ड के माध्यम से सूचित किया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पूछतांछ/ अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति के लिए समय-समय पर आई.सी.एम.आर. और एन.आई.आर.टी.एच. की वेबसाइटों को देखने की सलाह दी जाती है।

4. आगे किसी प्रकार के संशोधन/अद्यतनीकरण संबंधी जानकारी केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी।

5. सभी पदों के लिए अखिल भारतीय स्थानांतरण दायित्व है।

6. चयन/भर्ती के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा या उनकी ओर से कोई भी प्रचार या राजनीतिक या अन्य बाह्य प्रभाव के प्रयोग को अयोग्यता माना जाएगा।

7. केंद्र/राज्य सरकार के विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/विभागों आदि में कार्यरत उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** (**अनुलग्नक-I**) अपलोड करें, ऐसा न करने पर सरसरी तौर पर आवेदन रद्द कर दिया जाएगा। जो उम्मीदवार आई.सी.एम.आर. वित्तपोषित परियोजनाओं में कार्य कर रहे हैं, वे **अनुलग्नक-II** में दिए प्रपत्र में अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।

8. अनुभव प्रमाण-पत्र (**अनुलग्नक-III**) (कार्य-अनुभव), जैसा लागू हो, सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त/अनुमोदित/ पंजीकृत प्रयोगशाला/संस्था आदि के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया हुआ होना चाहिए और नाम, पदनाम, वेतन/वेतनमान, कार्य अनुभव की अवधि (से----तक), उम्मीदवार द्वारा किए गए कार्यों का स्वरूप आदि स्पष्ट होना चाहिए। केवल उसी अनुभव/अनुभवों पर विचार किया जाएगा, जो अनिवार्य योग्यताएं अर्जित कर लेने के बाद प्राप्त किया गया हो।

9. शैक्षिक योग्यता किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड/संगठन/संस्थान से होनी चाहिए।

डीओपीटी ज्ञापन सं. 36035/02/2017-ऐस्टे.(रिज.) दिनांकित 15 जनवरी, 2018 के अनुसार पीडब्ल्यूडी श्रेणी के क्षैतिज आरक्षण का विवरण निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद का नाम | पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित पद (पदों) की संख्या | आरक्षण की श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकी सहायक<br>समूह-बी (तकनीकी)<br>(जैव-विज्ञान) | 1 | पीडब्ल्यूबीडी-(ए)<br>अंधापन या कम दृष्टि |
| 2 | तकनीकी सहायक<br>समूह-बी (तकनीकी)<br>(सामाजिक विज्ञान) | 1 | पीडब्ल्यूबीडी-(बी)<br>बधिर या सुनने में कठिनाई |
| 3 | प्रयोगशाला परिचारक-1<br>समूह-सी (तकनीकी) | 1 | पीडब्ल्यूबीडी-(डी एवं ई) |

आरक्षण की श्रेणी का विवरण निम्नानुसार है :

(ए) अंधापन या कम दृष्टि;
(बी) बहरा या सुनने में कठिनाई
(सी) लोकोमोटर संबंधी अशक्तता, जिसमें सेरेब्रल पाल्सी शामिल है, आरोग्यप्राप्त कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित व्यक्ति एवं मस्कुलर डिस्ट्रोफी;
(डी) ऑटिज्म, इंटेलेक्चुअल अशक्तता, विशिष्ट सीखने की अशक्तता एवं मानसिक बीमारी;
(ई) खंड (ए) से (डी) के अंतर्गत आने वाले व्यक्तियों में बहुपक्षी अशक्तताएं, जिसमें बहरापन-अंधापन भी शामिल हैं।

10. आरक्षण के लिए दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को अनुलग्नक-IV के अनुसार वचनबद्धता प्रमाण-पत्र देना आवश्यक है, जिसमें यह घोषणा की गई हो कि केंद्र/राज्य सरकार में सिविल पदों में भूतपूर्व सैनिकों के कोटा के फायदे का लाभ लेने के बाद नियमित नियोजन प्राप्त नहीं किया है। जिन भूतपूर्व सैनिकों ने भूतपूर्व सैनिकों के कोटे का लाभ उठाते हुए केंद्र/राज्य सरकार में सिविल पदों में पहले ही नियमित नियोजन प्राप्त कर लिया है, उन्हें केवल उतनी ही आयु-सीमा में छूट का लाभ लेने की अनुमति होगी, जितना केंद्र/राज्य सरकार के अंतर्गत किसी समूह/पद को विचार में लिए बिना किसी उच्चतर पद या सेवा में एक

और नियोजन प्राप्त करने के लिए भूतपूर्व सैनिकों को अनुमेय हो। आयु में छूट का दावा वाले भूतपूर्व सैनिक अनुलग्नक-V प्रस्तुत करें।

11. भारत सरकार में सिविल पदों और सेवाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण के संबंध में सभी नियम और शर्तें डी.ओ.पी.टी. कार्यालय ज्ञापन संख्या-36039/1/2019-ऐस्टेब्लिशमेंट (रिज.) दिनांकित 19.01.2019 एवं समय-समय पर यथासंशोधित समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन दिनांकित 31.01.2019 के संदर्भ में विनियमित की जाएंगी। उपर्युक्त कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करते समय निर्धारित संलग्न प्रारूप (अनुलग्नक-VI) में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि यानी 10.08.2023 को उम्मीदवार द्वारा आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए महत्वपूर्ण तिथि माना जाएगा। ऐसे प्रमाण-पत्र जमा न करने को अयोग्यता माना जाएगा। **आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र वित्तीय-वर्ष 2024-25 के लिए वैध होना चाहिए।**

12. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप **(अनुलग्न- VII)** में जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।

13. दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार अशक्तता प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप में जैसा उन्हें लागू है (**अनुलग्नक- VIII** ) प्रस्तुत करें।

14. सभी पदों के लिए आयु-सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तारीख आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख, यानी **30.04.2024** होगी।

15. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप (**अनुलग्नक-IX**) में वैध एवं अद्यतन ओबीसी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें, जिसमें "क्रीमी लेयर से बहिष्करण" का खंड स्पष्ट रूप से सम्मिलित हो। उन्हें अनुलग्नक-VII में दिए प्रपत्र में वचनबद्धता प्रस्तुत करना भी आवश्यक है। इन प्रमाण-पत्रों को प्रस्तुत न करना अयोग्यता मानी जाएगी। अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख, यानी **30.04.2024** से तीन वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

16. आयु में शिथिलता :

    क. समय-समय पर संशोधित भारत सरकार के आदेश संख्या 36011/1/98-ऐस्टेब्लिशमेंट (रिज.) दिनांकित 01.07.1998 के अनुसार, अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मादवारों को आयु में कोई शिथिलता नहीं दी जाएगी।

    ख. आयु में शिथिलता के प्रयोजन हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र का अर्थ होगा ' अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के व्यक्ति जो क्रीमी लेयर से संबंध नहीं रखते हैं' जैसा डी.ओ.पी.टी. के का.ज्ञा.सं. 36012/22/93-ऐस्टे.(एससीटी) दिनांकित 08.09.1993, यथासंशोधित देखें का.ज्ञा. सं. 36033/3/2004-ऐस्टे.(रिज.) दिनांक 09.03.2004 एवं 14.10.2008 और बाद में यथासंशोधित देखें का.ज्ञा. सं. 36035/1/2013- ऐस्टे.(रिज.) दिनांक 27.05.2013. आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख उम्मीदवार के अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रस्थिति की गणना करने और यह मानने कि उम्मीदवार गणना की तारीख को क्रीमी लेयर में नहीं आता है, की तारीख मानी जाएगी। **आयु में शिथिलता प्राप्तकरने के लिए, उन्हें विहित प्रारूप (अनुलग्नक-X) में घोषणा प्रस्तुत करनी होगी।**

    ग. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिकों को आयु में शिथिलता प्रदान करने पर समय-समय पर यथासंशोधित डी.ओ.पी.टी. का.ज्ञा. सं. डीओपीटी-1667569393892 दिनांकित 06.09.2022 के अनुसार विचार किया जाएगा।

घ. आयु-सीमा में शिथिलता उन व्यक्तियों के लिए अनुमेय होगी, जिन्हें कम से कम 40% अशक्तता है। ऐसे उम्मीदवारों को आयु में शिथिलता का दावा करने केलिए भारत सरकार के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रासंगिक अशक्तता प्रमाण-पत्र (**अनुलग्नक-VIII**) संलग्न करना आवश्यक है, ऐसा न करने पर किसी प्रकार की आयु शिथिलता पर विचार नहीं किया जाएगा।

ड. आई.सी.एम.आर. परियोजनाओं में लगातार काम करने वाले उम्मीदवार भी आयु में पांच वर्ष तक की शिथिलता के पात्र होंगे; बशर्ते उसने उस पद के लिए निर्धारित आयु-सीमा के भीतर परियोजना सेवा में प्रवेश कर लिया हो। उन्हें विहित प्रारूप (**अनुलग्नक-XI**) में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

च.

(i) केंद्र सरकार के तहत कम से कम तीन साल की निरंतर सेवा प्रदान करने वाले कर्मचारियों और विभागीय उम्मीदवारों को सीधी भर्ती द्वारा समूह 'सी' पदों पर नियुक्ति के लिए 40 वर्ष तक की आयु (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 45 वर्ष) में शिथिलता इस सामान्य शर्त के अधीन दी जाती है कि समूह 'सी' के जिन पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है, वे एक ही पंक्ति या संबद्ध संवर्ग के हैं और यह संबंध स्थापित किया जा सकता है कि पद पर प्रदान की गई सेवा अन्य श्रेणियों के पदों में कर्तव्यों के कुशल निर्वहन के लिए उपयोगी होगी।

(ii) सीधी भर्ती द्वारा समूह 'बी' पदों पर नियुक्ति के लिए विभागीय उम्मीदवारों और केंद्र सरकार के कर्मचारियों को आयु में 5 वर्ष की छूट दी जाती हैं, जिसके लिए सामान्य शर्त है कि समूह 'बी' पद जिन पर सीधी भर्ती की जा रही है, वे एक ही पंक्ति में हों या संबद्ध कैडर के हों और कि यह संबंध स्थापित किया जा सकता हो कि पद पर प्रदान की गई सेवा अन्य श्रेणियों के पदों में कर्तव्यों के कुशल निर्वहन के लिए उपयोगी होगी।

(iii) आयु में शिथिलता के लिए, केंद्रीय सरकारी कर्मचारी और विभागीय अभ्यर्थियों को विहित प्रपत्र (**अनुलग्नक-XII**) में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

17. **यात्रा-भत्ता/दैनिक-भत्ता** :- कम्प्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी)/ लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा-भत्ता/दैनिक-भत्ता (टीए/डीए) का भुगतान नहीं किया जाएगा और उम्मीदवारों को अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

18. **चयन प्रक्रिया :-**

(i) तकनीकी सहायक, तकनीशियन-। और प्रयोगशाला परिचारक-1 के पदों पर चयन सीबीटी (कम्प्यूटर आधारित टेस्ट) के माध्यम से होगा।

(ii) अंतिम योग्यता-क्रम सूची 100 अंकों में से बनाई जाएगी (95 अंक सीबीटी/लिखित परीक्षा और 5 अंक अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव के लिए)

(iii) 90 मिनट का सीबीटी (कम्प्यूटर आधारित टेस्ट) 95 अंकों के लिए होगा। प्रत्येक पद के सीबीटी में 95 बहु-विकल्पी आधारित प्रश्न होंगे, जिनमें प्रत्येक के लिए एक अंक होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 निगेटिव मार्किंग होगी। कृपया ब्यौरे के लिए पाठ्यक्रम (**अनुग्नक-XIII**) देखें।

(iv) अनिवार्य योग्यता के पश्चात किसी सरकारी मान्यताप्राप्त/अनुमोदित/पंजीकृत संस्थान या संगठन में अनुसंधान/प्रयोगशाला/फील्ड अनुभव के लिए अधिकतम पांच (05) अंक अभ्यर्थी द्वारा सीबीटी में प्राप्त किए गए अंकों (95 में से) में जोड़े जाएंगे, जैसा नीचे दिया है :

| संबंधित अनुभव | अंक |
|---|---|
| >1 and upto 2 years | 1 |
| >2 and < 4 years | 2 |
| >=4 and <6 years | 3 |
| >=6 and < 8 years | 4 |
| >=8 years | 5 |

(v) प्रमाण-पत्र के लिए प्रारूप **अनुलग्नक-XIV** में दिया गया है।

(vi) सीबीटी/ लिखित परीक्षा में अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी के लिए अर्हताकारी अंक 50% और दिव्यांगजन के लिए 40% होंगे।

(vii) अनुभव के अंक (यदि लागू है) जैसा ऊपर 19 (iv) में दिया है, सीबीटी/लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों में जोड़ने के बाद, अंतिम योग्यता-क्रम सूची (100 अंकों में से) तैयार की जाएगी।

19. निदेशक, आई-सी.एम.आर.- एन.आई.आर.टी.एच. के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि :-

(i) आवेदन-पत्रों की स्क्रीनिंग के लिए मानदंड तय करें ताकि सीबीटी/लिखित परीक्षा के लिए बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या सीमित हो सके। उम्मीदवार द्वारा केवल अनिवार्य योग्यता और अपेक्षित अनुभव पूरा करने मात्र से सीबीटी/लिखित-परीक्षा के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता है।

(ii) किसी भी श्रेणी में और चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में रिक्तियों की संख्या बढ़ाएं/घटाएं/हटाएं।

(iii) विज्ञापित किए गए किसी भी पद/सभी पदों को बिना कोई कारण बताए भरें या न भरें।

(iv) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में विज्ञापन में अनजाने में हुई किसी त्रुटि या चूक को आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आर.टी.एच. की वेबसाइट पर शुद्धि-पत्र के रूप में अधिसूचित करके उसमे सुधार करें।

(v) भर्ती प्रक्रिया बिना कोई कारण बताए निरस्त/समाप्त/निलंबित की जा सकती है और निदेशक, आईसीएमआर-एनआईआरटीएच का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

20. आवेदनकर्ताओं को, उनके हित में सलाह दी जाती है कि भर्ती से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए शुरुआत से लेकर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो जाने तक आई.सी.एम.आर. नई दिल्ली और आईसीएमआर-एन.आई.आर.टी.एच. की वेबसाइट्स, यानी क्रमशः www.icmr.nic.in and www.nirth.res.in को नियमित रूप से देखते रहें और यदि कोई उम्मीदवार वेबसाइट्स को विजिट न करने के कारण भर्ती संबंधी किसी महत्वपर्ण जानकारी से चूक जाता है तो आई.सी.एम.आर./ एन.आई. आर.टी.एच. इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।

21. विज्ञापन के हिंदी संस्करण में कोई विसंगति पाए जाने पर विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण में दी गई सामग्री ही मान्य होगी।

22. कोई प्रश्न होने पर कृपया nirthrecruitmentcell@gmail.com को ई-मेल करें।

निदेशक

**I. <u>आवेदन कैसे करें (आवेदन की प्रक्रिया)</u> :-**

अर्ह एवं इच्छुक अभ्यर्थी "एम के सी एल रिक्रूटलाइव वेबसाइट https://nirth.recruitlive.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें, आवेदन का अन्य कोई साधन/तरीका स्वीकार नहीं होगा। अभ्यर्थी का पंजीकरण अनंतिम होगा, क्योंकि उनकी अर्हता का सत्यापन सीबीटी एवं कौशल परीक्षा के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए जाने और दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाए जाने पर ही किया जाएगा। केवल प्रवेश-पत्र का जारी होने के आशय अभ्यर्थिता स्वीकार किया जाना नहीं होगा।

पोर्टल पर पंजीकरण करने के पूर्व, अभ्यर्थियों के पास निम्नलिखित होना चाहिए :

क) वैध ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नं., जो कम से कम एक वर्ष तक वैध बना रहना चाहिए।

ख) यह वस्तुत: ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया होगी, इसलिए यह सलाह दी जाती है कि स्थिर इंटरनेट कनेक्शन हो।

ग) पंजीकरण के लिए प्रयोग किए जाने वाले कम्प्यूटर में कैमरा और माइक होना चाहिए

घ) पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान, अभ्यर्थी का फोटोग्राफ और वीडियो लिया जाएगा। इसलिए सलाह दी जाती है कि पंजीकरण प्रक्रिया के लिए आगे बढ़ने के पूर्व उचित वेशभूषा पहने/बालों में कंघी किए हों।

ङ) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड तैयार रखें, जिससे गलत आंकड़ों की प्रविष्टि न हो। पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान, अभ्यर्थी को किसी प्रकार के दस्तावेज अपलोड नहीं करना है। अभ्यर्थियों को पंजीकरण संबंधी ब्यौरे भरते समय सावधान रहना होगा।

च) अभ्यर्थियों को आवेदन प्रपत्र भरने के लिए क्रोम ब्राउजर प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व पॉप-अप्स को अनब्लॉक कर दें।

अभ्यर्थियों को अपने विधिवत भरे हुए आवेदन-प्रपत्रों के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां अपलोड करना आवश्यक है :-

क) नवीनतम स्पष्ट रूप से दिखने वाला पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ

ख) स्पष्ट रूप से दिखने वाली अभ्यर्थी के हस्ताक्षर की स्केन की हुई प्रति

ग) जन्म-तारीख का प्रमाण

घ) दसवीं कक्षा और उससे आगे की शैक्षणिक योग्यताओं का प्रमाण

ङ) कार्य-अनुभव, यदि कोई है, का प्रमाण

च) सरकारी क्षेत्र में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आयु में छूट के लिए निर्धारित प्रारूप में अनुभव का प्रमाण। सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए आयु में रियायत प्राप्त करने के लिए सशस्त्र सेनाओं के सेवारत/सेवानिवृत्त/ रिलीज्ड कर्मियों द्वारा प्रमाण-पत्र अपलोड किया जाए

छ) ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित प्रारूप में आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र भी अपलोड किया जाए

ज) अनारक्षित पद के लिए आवेदन करने वालों के लिए श्रेणी अर्थात् अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/बेंचमार्क दिव्यांगजन/भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण

झ) अनापत्ति प्रमाण-पत्र (जहां लागू हो)

ञ) आयु में शिथिलता का दावा करने के लिए अशक्तता का प्रमाण-पत्र

ट) किसी अन्य संलग्नक का प्रमाण

**पंजीकरण प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल हैं :**

**चरण 1 : यू आर एन जेनरेशन के लिए पंजीकरण प्रपत्र भरना**

- "एम के सी एल रिक्रूटलाइव वेबसाइट https://nirth.recruitlive.in पर जाएं

- सामान्य अनुदेश सावधानीपूर्वक पढ़ें
- रेडियो बटन क्लिक करें जो इस बारे में आपकी सहमति दर्शाता है कि आपने सामान्य अनुदेशों को सफलतापूर्वक पढ़ लिया है।
- विशिष्ट पंजीकरण संख्या उत्पन्न होने तक सभी आवश्यक फील्ड भरें
- सुनिश्चित करें कि दी गई जानकारी सही है और तब प्रस्तुत (सब्मिट) करें।

**चरण 2 : प्रोफाइल बनाना**

- यूजरनेम के रूप में विशिष्ट पंजीकरण संख्या का प्रयोग कर लॉगइन करें
- सभी फील्ड्स में वैध जानकारी भरते हुए प्रोफाइल बनाना प्रारंभ करें

**चरण 3 : पद के लिए आवेदन**

- यूजरनेम के रूप में विशिष्ट पंजीकरण संख्या का प्रयोग कर लॉगइन करें
- विज्ञापन डैश बोर्ड लिंक के अंतर्गत विज्ञापन मैनेजमेंट मेन्यू से उस पद (पदों) के लिए आवेदन करें, जिसके लिए आप आवेदन करना चाहते हैं।

**चरण 4 : भुगतान**

- यूजरनेम के रूप में विशिष्ट पंजीकरण संख्या का प्रयोग कर लॉगइन करें
- 'मेक पेमेंट' पर क्लिक करें, जो आपको पेमेंट गेटवे पर ले जाएगा, जिसे आईसीएमआर-एनआईआरटीएच की ओर से आवेदन-शुल्क/प्रोसेसिंग प्रभार लेने के लिए प्राधिकृत किया गया है। भुगतान के बाद, कृपया अंतिम पुष्टि के लिए 'कन्फर्म' पर क्लिक करें।
- एक बार भुगतान हो जाता है, अभ्यर्थी अपनी ई-पावती एवं पंजीकरण स्लिप की फोटोकॉपी अपने पास रखें, क्योंकि चयन प्रक्रिया की किसी भी अवस्था में संदर्भ हेतु प्रस्तुत करने कहा जा सकता है।
- एक बार भुगतान किए जा चुके शुल्क को किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन/प्रोसेसिंग शुल्क भुगतान करने के पूर्व अपनी अर्हता सत्यापित कर लें और भुगतान संबंधी विवरण सावधानीपूर्व भरें।
- फेल्ड ट्रांजेक्शन की राशि उसी एकाउंट में, जिससे मूलत: भुगतान किया गया है, 15 कार्यदिवसों के अंदर अपने आप वापस आ जाएगी।
- अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए अलग से भुगतान करना होगा।

**चरण 5 : प्रवेश-पत्र बनना और डाउनलोड करना**

- यूजरनेम के रूप में विशिष्ट पंजीकरण संख्या का प्रयोग कर लॉगइन करें
- कृपया एग्जाम मैनेजमेंट मेन्यू से डाउनलोड एडमिट कार्ड पर क्लिक करें
- एडमिट कार्ड/कोई अन्य जानकारी प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

**महत्वपूर्ण अनुदेश :**

- सीबीटी के दौरान, अभ्यर्थी एक समय में एक प्रश्न हल करेंगे।
- परीक्षा अंग्रेजी और/अथवा हिंदी में
- जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए हैं, वे सीबीटी और कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अनंतिम रूप से अर्ह हैं। अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता भर्ती प्रक्रिया के दौरान मूल दस्तावेजों के बाद ही सत्यापित की जाएगी अर्थात सीबीटी के पूर्व या सीबीटी/कौशल परीक्षा के बाद (यदि लागू हो)

- आवेदन की स्थिति से अनंतिम रूप से अर्ह अभ्यर्थियों को परीक्षाओं के लिए बुलावा पत्रों सहित चयनित अभ्यर्थियों के प्रारंभिक पदस्थापना स्थल पर नामित किए जाने तक इस भर्ती से संबंधित सभी जानकारी आईसीएमआर-एनआईआरटीएच और आईसीएमआर की वेबसाइट्स पर उपलब्ध होगी। आईसीएमआर-एनआईआरटीएच अन्य स्रोतों से उपलब्ध जानकारी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
- कोई अनुशेष/शुद्धि-पत्र/अद्यतनीकरण, सीबीटी के आधार पर अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग से संबंधित जानकारी, कौशल परीक्षा के लिए बुलाए गए योग्य अभ्यर्थियों की सूची, परिणामों की घोषणा आदि आईसीएमआर-एनआईआरटीएच और आईसीएमआर की वेबसाइट्स पर प्रदर्शित की जाएगी। अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से इसके बारे में सूचित नहीं किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों को किसी अद्यतन जानकारी के लिए इन वेबसाइटृस को नियमित रूप से देखते रहने की सलाह दी जाती है।
- सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ करने के पूर्व इन मार्गदर्शी सिद्धांतों को सावधानी से पढ़ें और सुनिश्चित करें कि कोई भी कॉलम खाली न छूटे तथा पंजीकरण प्रपत्र और आवेदन प्रपत्र में सभी कॉलम सही ढंग से भरे हों, क्योंकि एक बार पंजीकृत/प्रस्तुति हो जाने पर अभ्यर्थी प्रविष्टियों में परिवर्तन नहीं कर सकेंगे और उनकी अभ्यर्थिता के बारे में तदनुसार निर्णय किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा गलत प्रविष्टियां भरे जाने की स्थिति में, पुनर्विचार के लिए कोई पत्राचार/अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- अभ्यर्थी द्वारा अवैध/गलत ईमेल आईडी दिए जाने के कारण भेजे गए किसी ईमेल के न मिलने के लिए और यदि कोई अभ्यर्थी समय से उसके मेल/वेबसाइट तक पहुंच नहीं पाता है तो जानकारी की देरी/अप्राप्ति के लिए आईसीएमआर-एनआईआरटीएच जिम्मेदार नहीं होगा।
- अभ्यर्थियों के साथ सीबीटी और कौशल परीक्षा के बारे में पत्राचार केवल अभ्यर्थी द्वारा दिए गए पंजीकृत ई-मेल पर ही किया जाएगा।
- सीबीटी और कौशल परीक्षा की अनुसूची/प्रवेश-पत्र के बारे में अन्य जानकारी ईमेल के माध्यम से और/या आईसीएमआर/आईसीएमआर-एनआईआरटीएच/एमकेसीएल रिक्रूटलाइव वेबसाइट्स पर अपलोड के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। उपर्युक्त के अलावा अन्य जानकारी यानी लिखित परीक्षा का परिणाम, अंतिम चयन परिणाम आदि केवल वेबसाइट पर सूचना के माध्यम से दिए जाएंगे। ऐसी जानकारी ईमेल के माध्यम से नहीं दी जाएगी।
- अभ्यर्थियों को कोई दस्तावेज आईसीएमआर-एनआईआरटीएच को नहीं भेजना हैं।
- अभ्यर्थियों को ऑनलाइन कम्प्यूटर आधारित टेस्ट में शामिल होने की अनुमति केवल तभी दी जाएगी यदि उनके पास वैध प्रवेश-पत्र, जो एमकेसीएल रिक्रूटलाइव वेबसाइट्स से डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा, और विहित मूल फोटो पहचान-पत्र होगा।
- केवल योग्यता प्राप्त अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा, जो अर्हताकारी प्रकृति का होगा।
- उपर्युक्त सभी टेस्ट्स में उपस्थित होने के लिए व्ययों को अभ्यर्थी वहन करेंगे, आईसीएमआर-एनआईआरटीएच इन व्ययों की प्रतिपूर्ति की पात्रता नहीं होगी।

निदेशक
आईसीएमआर-एनआईआरटीएच, जबलपुर